सीआईएमपी के फेस्ट में प्रतिभा और नवाचार का दिखा संगम

सीआईएमपी में 'उद्भव 2025' का उद्घाटन करते सचिव संजय अग्रवाल व अन्य।

पटना, मुख्य संवाददाता। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पटना में शुक्रवार को वार्षिक बिजनेस फेस्ट उद्भव 2025 का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर प्रतिभा, नवाचार और संस्कृति का अद्भुत संगम दिखा। सीआईएमपी के निदेशक प्रो. (डॉ.) राणा सिंह, कृषि विभाग के सचिव संजय अग्रवाल और उद्भव अध्यक्ष डॉ. रंजीत तिवारी ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की।

निदेशक डॉ. राणा सिंह ने स्वागत भाषण में उद्भव 2025 के आयोजनों और बिहार के लिए सीआईएमपी के योगदान को बताया। मौके पर 77 विभिन्न संस्थानों के 650 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें आईआईएम बोधगया, आईआईएम रोहतक, आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी धनबाद, इग्नू, एम्स, डीयू, आईएमटी गाजियाबाद, केआईआईटी , बीएचयू, डीएमआई, अन्य संस्थान शामिल हैं।

मौके पर कृषि विभाग के सचिव संजय अग्रवाल ने लॉजिस्टिक्स और बाजारों की आपूर्ति शृंखला के बारे में छात्रों का ज्ञानवर्द्धन किया। श्री अग्रवाल सूक्ष्म उद्यमों से लेकर बड़े उद्योगपतियों तक की अर्थव्यवस्था, कृषि गतिविधियों के इमर्शन प्रोग्राम, कृषि स्टार्टअप्स में अंतर, सड़क सुरक्षा के नए पहलू और सतत सीखने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को लगनपूर्वक लक्ष्य के प्रति लगे रहने को प्रेरित भी किया।

मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी कुमोद कुमार ने बताया कि इस बिजनेस फेस्ट ने छात्रों को बिजनेस प्लान, बी-क्विज, ब्रांड प्रिक्स, वेस्ट से बेस्ट, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक, फोटोग्राफी, एथनिक फैशन शो, गायन आदि जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच दिया गया है।

Hindustan ! Page No - 06 ! Date - 01-02-2025 !

बिजनेस फेस्ट उद्भव में 77 संस्थानों के 650 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल

बिजनेस प्लान पेश करने वाले स्टूडेंट्स ने रैम्प पर स्टाइल से बिखेरा फैशन का जलवा

सिटी रिपोर्टर | पटना

चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पटना में शुक्रवार को वार्षिक बिजनेस फेस्ट उद्भव 2025 की शुरुआत हुई। दो दिवसीय इस कार्यक्रम को प्रतिभा, नवाचार और संस्कृति के शानदार संगम के रूप में मनाया जा रहा है। बिजनेस फेस्ट ने छात्रों को बिजनेस प्लान, बी-क्विज, ब्रांड प्रिक्स, वेस्ट से बेस्ट, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक, फोटोग्राफी, ग्रुप डांस, सोलो डांस, एथनिक फैशन शो, गायन आदि जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच दिया गया। इनमें 77 विभिन्न संस्थानों के 650 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। उद्भव में कुल 11 कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, जो विभिन्न स्थानों पर हो रहे हैं। इन प्रतियोगिताओं को जज करने के लिए 14 से अधिक प्रतिष्ठित प्रोफेसरों की जूरी पैनल मौजूद है। इस कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ. राणा सिंह, बिहार सरकार के कृषि विभाग के सचिव संजय अग्रवाल और उद्भव अध्यक्ष डॉ. रंजीत तिवारी ने किया। उन्होंने अपने-अपने विचार रखे। बिजनेस प्लान प्रतियोगिता को कृषि, आईटी, लॉजिस्टिक्स, फार्मा, विज्ञापन आदि जैसे विभिन्न विषयों पर 130 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुईं।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्राओं ने पेश किया नृत्य

इस प्रतियोगिता को तीन प्रतिष्ठित प्रोफेसरों की जूरी पैनल ने पूरा किया। अन्य प्रतियोगिताओं जैसे वाद-विवाद में 109 प्रतिभागी, बी-क्विज में 97, फैशन शो में 109 और वेस्ट से बेस्ट में 42 प्रतिभागी ने भाग लिया। इनमें बिहार सहित अन्य राज्यों से भी छात्रों शामिल हुए। फेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को उद्भव 2025 में गायन, नृत्य, ब्रांड प्रिक्स, नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद और फैशन शो की ग्रैंड फिनाले प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इसमें एक सांस्कृतिक बैंड परफॉर्मेंस भी शामिल रहेगा।

Dainik Bhaskar ! Page No - 11 ! Date - 01-02-2025 !